आसूचना प्रवर्तन समन्वय

INTELLIGENCE ENFORCEMENT COORDINATION

## Say Yes to Life, No to Drugs

# NCB DAILY NEWS BULLETIN

## No. 661

| NEWS INDEX<br>Date: July 27, 2026 | | | |
|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Publisher Name** | **Headline** | **Page No.** |
| | | **NEWS SUMMARY** | |
| 1 | | Summary | 1-2 |
| | | **INTERNATIONAL** | |
| 2 | Dainik Jagran | अफगानिस्तान में 'अफीम संकट' 95% तक घट गई खेती, फिर भी स्टॉक और तस्करी का खेल जारी | 3 |
| | | **NORTH EAST** | |
| 3 | Times of India | Drugs worth Rs 6.5 crore seized in Cachar; two held | 4 |
| 4 | India TodayNE | Assam Police seize heroin worth Rs 6 crore at Assam–West Bengal border, two arrested | 5 |
| 5 | Tripura Chronicle | 211 Kg of Dry Ganja Seized in Jatrapur; Cannabis Nursery Destroyed in Major Police Operation | 6 |
| | | **SOUTH** | |
| 6 | Times of India | Man held with MDMA | 7 |
| 7 | The Print | Two interstate drug traffickers held with MDMA worth Rs 8 lakh in Kerala | 8 |
| | | **WEST** | |
| 8 | Bhaskar Hindi | नाकाबंदी में एमडी ड्रग्स: एक आरोपी गिरफ्तार - एक फरार, कार समेत 6.46 लाख रुपये का माल जब्त | 9 |
| | | **NORTH** | |
| 9 | The Print | 3 drug peddlers held with heroin in J-K's Samba | 10 |
| 10 | Free Press Journal | Two Held With Brown Sugar Worth ₹2.6 Lakh In Indore | 11 |
| 11 | Bhaskar English | Fake cannabis case conspiracy exposed: 5 arrested; rival allegedly planted 1.23 kg ganja and called police | 12 |
| 12 | Dainik Bhaskar | कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ 1 लाख का जुर्माना लगाया: ट्रेन में ओडिशा से भोपाल लाए 20.8 किलो गांजा, आउटर पर उतरा था आरोपी, 10 साल की सजा | 13 |
| 13 | Dainik Savera Times | चरस तस्करी में दोषी को 13 वर्ष की सजा | 14 |
| 14 | Dainik Bhaskar | अरनोद पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार: नाकाबंदी के दौरान 12 ग्राम एमडी सहित एक बाइक भी जब्त की | 15 |
| 15 | Dainik Bhaskar | 24 ग्राम स्मैक के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार: 84 हजार रुपए कीमत का मादक पदार्थ, बाइक और मोबाइल भी जब्त | 16 |
| 16 | Dainik Bhaskar | मोगा में नशा तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन: 20 ग्राम हेरोइन के साथ महिला व 3 अन्य गिरफ्तार, बड़ी संख्या में नशीली गोलियां-चिट्टा बरामद | 17 |
| 17 | Dainik Bhaskar | अनूपगढ़ पुलिस ने हेरोइन के साथ युवक को पकड़ा: शहीद उधम सिंह चौक के पास से हुई गिरफ्तारी, 6 ग्राम हेरोइन जब्त | 18 |
| 18 | Amar Ujala | रामदरबार से महिला 13.42 ग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार | 19 |
| 19 | Dainik Bhaskar | चूनार में 16 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार: पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोचा, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज | 20 |
| 20 | Dainik Bhaskar | 7 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार: बिक्री के ₹5200 की नकदी भी बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज | 21 |
| 21 | Amar Ujala | 10 किलो हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, सीमा पार से आई थी खेप; पुलिस की बड़ी कार्रवाई | 22 |
| 22 | Amar Ujala | कुचामन में अफीम के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार: बदमाशों से कार भी जब्त, मण्डावरा पुलिस चौकी के सामने नाकाबंदी में दबोचा | 23 |
| 23 | Dainik Bhaskar | शाहजहांपुर में अफीम तस्कर गिरफ्तार: झारखंड से लाया था, 6 लाख की अफीम बरामद | 24 |
| 24 | Dainik Bhaskar | नाथद्वारा में पुलिस ने पकड़ी साढ़े 4 किलो अफीम: जैसलमेर से ला रहा था तस्कर, ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कार्रवाई | 25 |
| 25 | Amar Ujala | 400 किलोग्राम अफीम डोडे बरामद, आरोपी गिरफ्तार | 26 |
| 26 | Bhilwara Halchal | नाथद्वारा पुलिस ने 22.5 लाख की अफीम पकड़ी, जैसलमेर का तस्कर गिरफ्तार | 27 |
| 27 | Dainik Bhaskar | अनूपपुर में 10 किलो गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार: ओडिशा से लाया गया था खेप; कोतमा में खपाने की तैयारी | 28 |
| 28 | Dainik Bhaskar | ऑपरेशन दहन के तहत 1.44 क्विंटल गांजा नष्ट: प्रयागराज में 72.31 लाख की खेप न्यायालय के आदेश पर जलवाई | 29 |
| 29 | Amar Ujala | कपड़ों और फर्श के तहखानों में छिपा रखा था गांजा, 300 जवानों ने पुराने भोपाल में आधी रात मारे छापे | 30-31 |
| 30 | Dainik Jagran | लखनऊ में नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता, विदयार्थियों ने निकाली रैली; दिया नशामुक्ति का संदेश | 32 |
| 31 | Dainik Bhaskar | नशे से दूरी है जरूरी 2.0' बाइक रैली में संदेश: मध्य प्रदेश पुलिस का जन-जागरूकता अभियान, शहर में गूंजा 'से नो टू ड्रग्स, यस टू लाइफ' | 33 |
| | | **EAST** | |
| 32 | Dainik Bhaskar | नशा तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1122.3 लीटर कोडीन कफ सिरप बरामद | 34 |
| 33 | Dainik Bhaskar | 320 किलो गांजा जब्त, कीमत 1.5 करोड़ रुपए: बिहार से पलामू पहुंचा था खेप, ट्रक चालक गिरफ्तार, लकड़ी के चैंबर में छिपाया था गांजा | 35 |
| 34 | Dainik Bhaskar | सुप्पी : अख्ता बाजार से 10 पुड़िया गांजा के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार, भेजा जेल | 36 |

# News Summary

## News Summary

### Heroin Trafficking

- Punjab (Amritsar): 10 kg heroin seized; 2 arrested.
- Assam (Kokrajhar): 3 kg heroin seized; 2 arrested.
- Jammu & Kashmir (Samba): 10 g heroin seized; 3 arrested.
- Punjab (Moga): 20 g heroin seized in multiple operations; 4 arrested.

### Synthetic Drugs (MD/MDMA) Trafficking

- Kerala (Malappuram): 98.2 g MDMA seized; 2 arrested.
- Kerala (Thiruvananthapuram): 93.63 g methamphetamine seized; 1 arrested.
- Maharashtra (Nagpur): 27.33 g MD (Mephedrone) seized; 1 arrested.

### Ganja Trafficking

- Jharkhand (Palamu): 320 kg ganja seized; 1 arrested.
- Madhya Pradesh (Anuppur): 10 kg ganja seized; 2 arrested.

### Opium / Poppy Straw Trafficking

- Himachal Pradesh (Solan): 288 kg poppy straw seized; 1 arrested.
- Rajasthan (Kuchaman): 1.507 kg opium seized; 2 arrested.
- Uttar Pradesh (Shahjahanpur): 1.927 kg opium seized; 1 arrested.
- Rajasthan (Nathdwara): 4.5 kg opium seized; 1 arrested

### Convictions

- Madhya Pradesh (Bhopal): Court sentenced 1 accused to 10 years RI for 20.8 kg ganja case.
- Himachal Pradesh (Kullu): Court sentenced 1 accused to 13 years RI for 3.115 kg charas case.

### Emerging Modus Operandi

- Cross-border heroin consignments continued to be drone-dropped across the India–Pakistan border for local pick-up.
- Traffickers increasingly used secret chambers in vehicles and trucks to conceal heroin, ganja and other narcotics.
- Narcotics were buried underground in forests for later retrieval and transport.
- Interstate supply chains remained active, with drugs sourced from Odisha, Jharkhand, Bengaluru and across international borders for onward distribution.
- Enforcement agencies continued intelligence-led interceptions through naka checking and border check posts.

**Key Trends**

- Heroin and synthetic drugs dominated major enforcement actions, with significant seizures reported from border and interstate routes.
- Interstate trafficking networks linking Odisha, Jharkhand, Bengaluru and border states remained active.
- Concealment techniques such as fabricated vehicle compartments, underground storage and drone-based cross-border delivery continued to evolve.
- Enforcement agencies intensified intelligence-based operations, border surveillance, arrests, prosecutions and disposal of seized narcotics under the NDPS Act.

# INTERNATIONAL

# अफगानिस्तान में 'अफीम संकट' 95% तक घट गई खेती, फिर भी स्टॉक और तस्करी का खेल जारी

jagran.com/world/other-opium-ban-has-created-largest-stockpile-of-smugglers-in-afghanistan-40320385.html

Digital Desk

July 27, 2026

Updated: Mon, 27 Jul 2026 08:59 AM (IST)

**डिजिटल डेस्क, काबुल।** जमीन और नशे के लिए दुनिया में हमेशा लड़ाइयां हुईं हैं। कभी ट्रॉय के लिए हजारों जहाज भेजे गए, तो कभी ब्रिटेन ने चीन से अफीम बेचने के लिए 2 युद्ध लड़ लिए। चीन की हार हुई और 100 साल तक अफीम का अपना बाजार खो बैठा। अब अफगानिस्तान ने उल्टा काम किया।

2022 में तालिबान के मुखिया मुल्ला हैबतुल्लाह अखुंदजादा ने पूरे देश में अफीम की खेती पर बैन लगा दिया।

तालिबान के अफीम पर बैन लगाने का असर तुरंत दिखाई दिया। UN की रिपोर्ट के मुताबिक 1 साल में अफीम की खेती 95 प्रतिशत तक गिर गई।

2022 में 2,33,000 हेक्टेयिर में खेती होती थी, जो 2023 में घटकर सिर्फ 10,800 हेक्टेयर रह गई। पहले अफगानिस्तान दुनिया की 80-90 प्रतिशत अफीम और यूरोप की 95 प्रतिशत हेरोइन सप्लाई करता था। तो लगा कि अब हेरोइन खत्म हो जाएगी। पर ऐसा नहीं हुआ।

## क्यों कम नहीं हुई हेरोइन

हेरोइन की सप्लाई कम नहीं होने की वजह बैन करने की गलत टाइमिंग थी. तालिबान ने बैन फसल कटने से 2 हफ्ते पहले लगाया और 2 महीने का समय भी दिया। इसका नतीजा यह निकला कि 2022 में तीसरी सबसे बड़ी फसल हो गई। लोगों ने स्टॉक कर लिया। बैन के बाद अफीम की कीमत 70 डॉलर से बढ़कर 1000 डॉलर प्रति किलो हो गई। यानी 15 गुना की बढ़ोतरी हुई।

अफीम खराब नहीं होती, इसलिए जिनके पास जमीन थी। लोगों ने फसल को बेचा नहीं बल्कि स्टोर कर लिया।

सैटैलाइट डेटा बताता है कि सिर्फ रेगिस्तानी इलाकों में ही 13,700 टन अफीम का स्टॉक जमा है। कुल मिलाकर करीब 16,550 टन अफीम पड़ी है। ये अब तक का सबसे बड़ा स्टॉक है।

इसके अलावा सब जगह बैन नहीं माना गया। बदख्शां जैसे इलाकों में जहां तालिबान का जोर कम है, वहां खेती चलती रही। 2024 में जब सख्ती हुई तो लोगों ने हथियारों से विरोध किया। फिर सरकार को झुकना पड़ा। हेरोइन की कमी नहीं है। दिक्कत ये है कि अफीम महंगी हो गई है।

## 2 काम कर रहे हैं तस्कर

अब तस्कर पुराना स्टॉक बेच रहे हैं और हेरोइन में मिलावट कर रहे हैं। दक्षिण-पश्चिम अफगानिस्तान के बाजारों में अब मिलावटी माल दिखने लगा है। सीधी बात 2000 में जब तालिबान ने बैन लगाया था तब फसल कटने के बाद लगाया था, इसलिए सप्लाई तुरंत रुकी थी।

लेकिन इस बार बैन कटाई से पहले लगा, इसलिए सबने माल स्टोर कर लिया। इसलिए बैन के बावजूद पाकिस्तान, ईरान की सीमा पर तस्करी रुक नहीं और 2025 के अंत तक यूरोप में भी हेरोइन की कमी नहीं दिखी।

# NORTH EAST

# Drugs worth Rs 6.5 crore seized in Cachar; two held

TOI **timesofindia.indiatimes.com**/city/guwahati/drugs-worth-rs-6-5-crore-seized-in-cachar-two-held/articleshow/132645915.cms

BB Goswami July 26, 2026

Silchar: Cachar police seized suspected narcotics worth around Rs 6.5 crore at the Lailapur Assam-Mizoram check gate on Saturday evening and arrested two people in a major haul along the interstate border.Acting on specific intelligence, a team led by the Lailapur patrol post in-charge intercepted a truck during routine naka checking. A search of the vehicle led to the recovery of 102 soap cases containing 1.24 kg of suspected contraband concealed inside a specially made secret chamber, police said.The truck driver, Sabir Hussain, and handyman Salim Aminul were arrested on the spot. A senior police officer said the seized contraband is estimated to be worth Rs 6.5 crore in the illicit market. A case has been registered under the NDPS Act and further investigation is underway.The Lailapur check gate on the Assam-Mizoram border has emerged as a key interception point for narcotics trafficking, with Cachar police making several major seizures in recent months.

He is a seasoned journalist with The Times of India, reporting from Silchar. Known for his sharp political insights and grassroots coverage, he brings depth to stories from Barak Valley and beyond. His work reflects a commitment to factual reporting and amplifying voices from Assam’s southern frontier.

# Assam Police seize heroin worth Rs 6 crore at Assam–West Bengal border, two arrested

indiatodayne.in/assam/story/assam-police-seize-heroin-worth-rs-6-crore-at-assam-west-bengal-border-two-arrested-1430022-2026-07-27

India TodayNE July 27, 2026

## Assam Police on Sunday, July 26 seized a major consignment of suspected heroin valued at an estimated Rs 5 crore to Rs 6 crore and arrested two alleged drug traffickers during a late-night operation at the Srirampur inter-state check gate in the Gossaigaon subdivision of Kokrajhar district.

Assam Police on Sunday, July 26 seized a major consignment of suspected heroin valued at an estimated Rs 5 crore to Rs 6 crore and arrested two alleged drug traffickers during a late-night operation at the Srirampur inter-state check gate in the Gossaigaon subdivision of Kokrajhar district.

The seizure was made during a naka checking drive conducted along the Assam–West Bengal border based on specific intelligence inputs. Police intercepted a Mahindra Camper vehicle at around 3 am and carried out a thorough search.

During the operation, officials recovered 244 packets of suspected heroin concealed inside a specially fabricated secret chamber in the vehicle. Police sources estimated the total weight of the seized contraband at approximately three kilograms.

The arrested individuals have been identified as Shravan Kumar (23) and Ashok Kumar (25), both residents of Barmer district in Rajasthan. Preliminary investigation revealed that the duo was allegedly transporting the narcotics from Guwahati to Hasimara in West Bengal.

Police further found that the vehicle had been disguised to evade detection. It was fitted with a National Highways Authority board and was being driven without a registration number plate. During the search, officers recovered a registration plate bearing number GJ08FA7389, which is suspected to have been concealed to avoid identification.

The operation was led by Additional Superintendent of Police (Crime Branch) Aziza Gulenur, along with Gossaigaon Sub-Divisional Police Officer Monturam Bora, Officer-in-Charge of Gossaigaon Police Station K S Simte, and personnel from the Simultapu police outpost.

Police have launched a detailed investigation to trace the origin of the narcotics and identify other individuals linked to the interstate drug trafficking network. The accused are being interrogated to ascertain the broader supply chain and possible interstate connections behind the consignment.

# 211 Kg of Dry Ganja Seized in Jatrapur; Cannabis Nursery Destroyed in Major Police Operation

**tripurachronicle.in**/local-news/211-kg-of-dry-ganja-seized-in-jatrapur-cannabis-nursery-destroyed-in-major-police-operation

Abhishek Dey July 26, 2026

Agartala, 26th July 2026: In a major anti-narcotics operation, police recovered 211 kilograms of dry ganja hidden underground in a dense forest under Thalibari ADC Village within the jurisdiction of Jatrapur Police Station in Sepahijala district. A cannabis nursery was also destroyed during the operation.

Acting on a tip-off from the State Intelligence Branch, a large team comprising personnel from the Special Task Force (STF) and Jatrapur Police, led by Officer-in-Charge Partha Nath Bhowmik, launched a search operation in the forest on Sunday morning. The operation continued for nearly three to four hours.

During the search, police recovered 211 kg of dry ganja concealed inside seven drums buried beneath the ground. The seized contraband was later brought to Jatrapur Police Station.

Speaking to the media, OC Partha Nath Bhowmik said no arrests could be made as the contraband had been hidden deep inside the forest and no suspects were present at the spot. He said the ganja had been buried with the intention of smuggling it to different locations at a later stage, but the police operation foiled the traffickers' plans before they could move the consignment.

The estimated market value of the seized ganja is around ₹50 lakh, the OC added.

Police have launched further investigation to identify and apprehend those involved in the illegal drug trafficking network.

# SOUTH

# Man held with MDMA

timesofindia.indiatimes.com/city/thiruvananthapuram/man-held-with-mdma/amp_articleshow/132643569.cms

The Times Of India July 26, 2026

**T'puram:** A 30-year-old man was arrested with nearly 94g of methamphetamine, valued at several lakh rupees, from Kazhakkoottam around 1am on Sunday. Police suspect the accused was planning to distribute the synthetic drug among IT professionals and college students in Kazhakkoottam region.

The accused, identified as Shamnu, 30, of Malayinkeezhu, was arrested by a joint team of Kazhakkoottam police and city Dansaf squad during a late-night operation near Al Saj Convention Centre.

Acting on a tip-off, Dansaf team led by sub-inspector Vaishakh V S intercepted the car in which Shamnu was travelling. On spotting the police, the accused allegedly reversed the vehicle in an attempt to escape and rammed the Dansaf vehicle. However, the officers chased and overpowered him after a brief struggle.

During the search, police recovered 37.77g of methamphetamine from Shamnu's possession and another 55.86g concealed inside the car, taking the total seizure to 93.63g. The vehicle used for transporting the narcotics was also seized.

A case was registered under Narcotic Drugs and Psychotropic Substances (NDPS) Act. Police are now probing the source of the contraband and trying to identify others involved in the drug trafficking network. Police said further arrests are likely as the investigation progresses.

# Two interstate drug traffickers held with MDMA worth Rs 8 lakh in Kerala

theprint.in/india/two-interstate-drug-traffickers-held-with-mdma-worth-rs-8-lakh-in-kerala/2997274

PTI July 26, 2026

**Malappuram (Kerala), Jul 26 (PTI) Police on Sunday arrested two alleged interstate drug traffickers and seized nearly 100 grams of MDMA from their possession at Vazhikadavu in this district, officials said. The arrested men were identified as Saifudheen (38), a native of Manappatta, and Riyas Ali (32), a resident of Krumbalangode, both in Malappuram district. […]**

Malappuram (Kerala), Jul 26 (PTI) Police on Sunday arrested two alleged interstate drug traffickers and seized nearly 100 grams of MDMA from their possession at Vazhikadavu in this district, officials said.

The arrested men were identified as Saifudheen (38), a native of Manappatta, and Riyas Ali (32), a resident of Krumbalangode, both in Malappuram district.

According to the police, the District Anti-Narcotics Special Action Force received information that the duo was travelling from Bengaluru with a large quantity of narcotic drugs.

Acting on the tip-off, the DANSAF team intercepted their car near Anamari in Vazhikadavu at around 1 am on Sunday.

Police said an initial search of the vehicle did not yield any contraband. However, a subsequent body search led to the recovery of a packet containing MDMA from the accused.

A total of 98.2 grams of MDMA, estimated to be worth around Rs 8 lakh in the illegal market, was seized, police said.

According to investigators, the duo allegedly procured MDMA from Bengaluru and sold it at higher prices in Kerala.

Vazhikadavu police registered a case under the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act and formally arrested the two.

Further investigation is underway to identify others involved in the drug trafficking network, police added. PTI TBA SSK

# WEST

**bhaskarhindi.com**/city/nagpur/one-accused-arrested-one-absconding-goods-worth-rs-646-lakh-including-car-seized-1334537

Bhaskar Hindi July 26, 2026



# नाकाबंदी में एमडी ड्रग्स: एक आरोपी गिरफ्तार - एक फरार, कार समेत 6.46 लाख रुपये का माल जब्त


- नशे के कारोबार पर कार्रवाई की
- एक आरोपी को गिरफ्तार किया है
- फरार आरोपी की तलाश के साथ मामले की आगे की जांच जारी है

**Nagpur News.** वाठोडा पुलिस ने नशे के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए एमडी (मेफेड्रोन) पाउडर की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 27.33 ग्राम एमडी पाउडर, मोबाइल फोन और टाटा पंच कार समेत कुल 6 लाख 46 हजार 650 रुपये का माल जब्त किया गया है। वहीं, उसका एक साथी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार तड़के करीब 4.10 बजे गरीब नवाज चौक पर नाकाबंदी के दौरान सफेद रंग की टाटा पंच कार (एमएच-49 बीडब्ल्यू-4427) को रोकने का प्रयास किया गया। इसी दौरान कार में सवार एक युवक भाग निकला, जबकि दूसरे युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद उजैर शेख जावेद (20), निवासी बाबा ताजनगर, खरबी, वाठोडा बताया। तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से जिपलॉक पाउच में 27.33 ग्राम एमडी पाउडर बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपी ने फरार साथी की पहचान आवेश खान (30), निवासी बाबा ताजनगर, खरबी, के रूप में करते हुए बताया कि बरामद एमडी पाउडर उसी का है और दोनों इसे आर्थिक लाभ के लिए बेचने की तैयारी में थे।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(क), 22(ब) और 29 के तहत वाठोडा थाने में मामला दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि फरार आरोपी की तलाश के साथ मामले की आगे की जांच जारी है।

यह कार्रवाई अपर पुलिस आयुक्त वसंत परदेशी, पुलिस उपायुक्त नित्यानंद झा और सहायक पुलिस आयुक्त रोहित ओव्हाळ के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद पोरे, उपनिरीक्षक सागर गायकवाड़ तथा उनकी टीम ने संयुक्त रूप से की।

# NORTH

# 3 drug peddlers held with heroin in J-K’s Samba

theprint.in/india/3-drug-peddlers-held-with-heroin-in-j-ks-samba/2997468

PTI July 26, 2026

**Jammu, Jul 26 (PTI) Three alleged drug peddlers were arrested after 10 grams of heroin was allegedly recovered from a vehicle in the Samba district of Jammu and Kashmir on Sunday, police said. A police patrolling party intercepted a tempo traveller coming from the Rakh Barotian side and moving towards the Jammu-Pathankot National Highway near […]**

Jammu, Jul 26 (PTI) Three alleged drug peddlers were arrested after 10 grams of heroin was allegedly recovered from a vehicle in the Samba district of Jammu and Kashmir on Sunday, police said.

A police patrolling party intercepted a tempo traveller coming from the Rakh Barotian side and moving towards the Jammu-Pathankot National Highway near Vijaypur and subjected it to checking, a police spokesman said.

He said 10 grams of heroin was allegedly recovered from the dashboard of the vehicle, following which three of its occupants — Mohd Imran, Baljeet Singh and Mohd Farooq (all residents of the Reasi district) — were arrested and booked under NDPS Act.

The vehicle along with the contraband substance was seized, the spokesman said. PTI TAS TAS MNK MNK

*This report is auto-generated from PTI news service. ThePrint holds no responsibility for its content.*

# Two Held With Brown Sugar Worth ₹2.6 Lakh In Indore

**freepressjournal.in**/indore/two-held-with-brown-sugar-worth-26-lakh-in-indore

Staff Reporter July 26, 2026

**Indore (Madhya Pradesh):** Police arrested two youths and seized 11 grams of brown sugar during a special operation under the "Say No to Drugs 2.0" campaign against drug trafficking and abuse.

According to police, a special team was formed after receiving information about the illegal sale of narcotic substances. Acting on a tip-off and technical inputs, the team reached Kesarbagh Road, where they spotted two men on a scooter. The suspects tried to flee after noticing the police, but were chased and arrested.

During the search, police recovered 11 grams of brown sugar and seized the scooter used by the accused. The value of the seized drugs and vehicle is estimated at around Rs 2.6 lakh.

The accused were identified as Krishna alias Sarvesh Yadav and Atharv alias Kisu Yadav, both residents of Kesarbagh Road. A case has been registered against them under the NDPS Act. Police are investigating the source of the drugs and whether the accused were part of a larger supply network.

Police have picked up Nana Patwari, also known as Kulbhushan Patwari, the younger brother of Madhya Pradesh Congress president Jitu Patwari, along with Manak (Manav) Gangwani for questioning after their names allegedly surfaced during the interrogation of two men arrested with brown sugar in the Rajendra Nagar area, police said on Thursday.

# Fake cannabis case conspiracy exposed: 5 arrested; rival allegedly planted 1.23 kg ganja and called police

**bhaskarenglish.in**/amp/local/rajasthan/udaipur/news/udaipur-clinic-cannabis-conspiracy-cctv-footage-arrests-138544357.html

Bhaskar English July 26, 2026

Gogunda and Saira police have uncovered this entire conspiracy and arrested 5 accused, including a couple.

A conspiracy to falsely implicate a clinic operator in an NDPS case has been uncovered in Sayra, Udaipur district, with Gogunda and Sayra police arresting five accused, including a couple.

Police alleged the accused, driven by business rivalry, secretly placed 1.230 kg of cannabis inside Krishna Clinic before tipping off the authorities. The plot came to light after CCTV footage from a neighbouring shop showed a woman leaving a white sack at the clinic, corroborating the clinic operator's claim and exposing the alleged conspiracy.

Due to business rivalry, the accused had secretly placed 1 kg 230 grams of cannabis in Krishna Clinic and then gave false information to the police.
Police investigation revealed that Gopal Kumar Rai, who ran a medical shop right opposite, had enmity with Mahesh. Mahesh had shifted his medical shop in front of his about two months ago, which was affecting Gopal's business. Due to this rivalry, Gopal, along with his associate Padmaram, made a plan to send Mahesh to jail.

As per the plan, a person named Babla brought ganja. After this, at Padmaram's behest, Leela Bai and her husband Ashok alias Asharam secretly placed the sack of ganja inside Krishna Clinic. As soon as the sack was placed, the accused informed the police so that NDPS case could be filed against Mahesh.

When Mahesh suspected something and checked the CCTV footage of the neighboring shop, the entire act was captured.
With the help of CCTV footage and informants, the police first apprehended Leela and Ashok, who, during interrogation, revealed the names of the entire racket. In this case, the police have arrested Leela Bai, her husband Asharam, Padmaram, mastermind Gopal Kumar Rai, and Babla.

Upon saving the innocent trader from the conspiracy and conducting a fair investigation, when the police team arrived at the spot in the evening, the local trade association and villagers grandly welcomed Saira Station House Officer Shaitan Singh, Gogunda Station House Officer Praveen Singh and their team by adorning them with Mewari turbans and 'uparna' (shawls).

# कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ 1 लाख का जुर्माना लगाया:ट्रेन में ओडिशा से भोपाल लाए 20.8 किलो गांजा, आउटर पर उतरा था आरोपी, 10 साल की सजा

**bhaskar.com**/g/local/mp/bhopal/news/the-court-imposed-a-fine-of-rs-1-lakh-against-the-accused-dbp-138551423.html

दैनिक भास्कर

July 27, 2026

ओडिशा से दिल्ली जा रही ट्रेन के जरिए भोपाल लाई गई गांजे की बड़ी खेप के मामले में विशेष एनडीपीएस कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 20.8 किलोग्राम गांजे के साथ पकड़े गए आरोपी राजेश अहिरवार को दोषी ठहराते हुए 10 साल की सजा और 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

गांजे की यह अवैध खेप ओडिशा से दिल्ली की ओर जा रही एक ट्रेन के जरिए भोपाल तक पहुंचाई गई थी। 7 सितंबर 2023 की देर रात जीआरपी भोपाल को सूचना मिली थी कि एक युवक भोपाल स्टेशन आउटर पर बीना छोर के पास गंदे नाले किनारे काले बैग में गांजा लिए खड़ा है।

जीआरपी टीम ने मौके पर घेराबंदी कर कैंची छोला निवासी राजेश अहिरवार को गिरफ्तार किया। उसके बैग की तलाशी लेने पर 6 प्लास्टिक पन्नियों में भरा कुल 20.8 किलोग्राम गांजा जब्त हुआ। पूछताछ में सामने आया कि ट्रेन के माध्यम से यह मादक पदार्थ भोपाल में डिलीवरी के लिए लाया गया था।

**रेलवे स्टेशन का आउटर बना स्मगलिंग का सेफ जोन** जीआरपी की कार्रवाई से स्टेशन के आउटर क्षेत्र में जारी अवैध गतिविधियों का खुलासा हुआ है। तस्कर पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों की नजरों से बचने के लिए मुख्य स्टेशन परिसर के बजाय ट्रेन के आउटर पर रुकते ही सामान उतारने का पैंतरा अपनाते हैं। उड़ीसा से दिल्ली जा रही ट्रेन से गांजे की बड़ी खेप को भी स्टेशन आउटर पर बीना छोर के पास गंदे नाले के पास उतारा गया था, जिससे स्पष्ट है कि आउटर पॉइंट तस्करों के लिए मुफीद ठिकाना बनते जा रहे हैं।

# चरस तस्करी में दोषी को 13 वर्ष की सजा

dainiksaveratimes.com/national/himachal/sentencing-of-convict-in-charas-smuggling-case

Srishti Sharma July 26, 2026

**कुल्लू।** विशेष न्यायाधीश-प्रथम, कुल्लू, प्रकाश चंद राणा की अदालत ने कुल्लू के झुड्डू राम को चरस तस्करी की तस्करी में दोषी करार दिया है। उसे इस जुर्म में 13 साल के कठोर कारावास और एक लाख 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं देने की सूरत में उसे 30 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## 115 किलो चरस तस्करी मामले में दोषी

जिला न्यायवादी कुल्लू कुलभूषण गौतम ने बताया कि 18 अक्तूबर 2022 को एसआई नारायण लाल के नेतृत्व में स्पेशल इन्वेस्टिगेटिंग यूनिट (एसआईयू) कुल्लू की पुलिस टीम मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए गश्त पर थी। पूर्व सूचना के आधार पर चिपनी समीप तुंग स्थान पर झुड्डू राम के कब्जे से 3.115 किलोग्राम चरस बरामद की गई। इस बरामदगी के आधार पर थाना बंजार में एफआईआर संख्या 136/22 दर्ज की गई। पुलिस ने मामले की जांच पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष ने आरोप सिद्ध करने के लिए न्यायालय में 13 गवाहों के बयान दर्ज करवाए। साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उपरोक्त सजा सुनाई। ऐसे में चरस तस्करी के मामले में इस आरोपी को अब 13 वर्ष की सजा सुनाई गई है.

# अरनोद पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार:नाकाबंदी के दौरान 12 ग्राम एमडी सहित एक बाइक भी जब्त की

**bhaskar.com**/local/rajasthan/pratapgarh/arnod/news/arnod-police-arrest-youth-md-drug-seize-bike-nakabandi-138545374.html

दैनिक भास्कर July 26, 2026

अरनोद थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 12 ग्राम अवैध एमडी के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी नाकाबंदी के दौरान हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ के साथ परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है औ

# 24 ग्राम स्मैक के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार: 84 हजार रुपए कीमत का मादक पदार्थ, बाइक और मोबाइल भी जब्त

bhaskar.com/local/mp/agar-malwa/news/agar-malwa-police-arrest-two-smack-smugglers-seize-drugs-bike-138548233.html

दैनिक भास्कर July 26, 2026

आगर मालवा की सुसनेर पुलिस ने रविवार को उज्जैन-झालावाड़ नेशनल हाईवे 552-जी पर लटूरी गुर्जर जोड़ के पास घेराबंदी कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

# मोगा में नशा तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन:20 ग्राम हेरोइन के साथ महिला व 3 अन्य गिरफ्तार, बड़ी संख्या में नशीली गोलियां-चिट्टा बरामद

bhaskar.com/local/punjab/moga/news/moga-police-arrest-drug-peddlers-heroin-pills-seized-138546554.html

दैनिक भास्कर

July 26, 2026

मोगा पुलिस ने जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में एक महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से भार

# अनूपगढ़ पुलिस ने हेरोइन के साथ युवक को पकड़ा:शहीद उधम सिंह चौक के पास से हुई गिरफ्तारी, 6 ग्राम हेरोइन जब्त

**bhaskar.com**/local/rajasthan/sriganganagar/anoopgarh/news/anupgarh-police-arrest-youth-heroin-shaheed-udham-singh-chowk-138552617.html

दैनिक भास्कर

July 27, 2026

अनूपगढ़ पुलिस ने सोमवार को गश्त के दौरान एक युवक को 6 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शहीद उधम सिंह चौक के पास की गई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# रामदरबार से महिला 13.42 ग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार

amarujala.com/chandigarh/woman-arrested-with-1342-grams-of-heroin-in-ramdarbar-chandigarh-news-c-16-pkl1079-1080557-2026-07-27

चंडीगढ़ ब्यूरो July 26, 2026

चंडीगढ़। शहर में नशे के खिलाफ अभियान के तहत सेक्टर-31 थाना पुलिस ने रामदरबार क्षेत्र से 25 वर्षीय महिला को 13.42 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला रामदरबार की रहने वाली है। पुलिस के अनुसार एसआई गौरव गुर्जाल की शिकायत पर थाना सेक्टर-31 में एनडीपीएस एक्ट की धारा-21 के तहत एफआईआर नंबर-119 दर्ज की गई। पुलिस टीम ने रामदरबार स्थित स्मॉल फ्लैट्स नंबर-2621 के पास नाकाबंदी के दौरान महिला को संदेह के आधार पर रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 13.42 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर हेरोइन कब्जे में ले ली। प्रारंभिक जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि महिला नशीला पदार्थ कहां से लेकर आई थी और इसे किसे सप्लाई किया जाना था। मामले की जांच जारी है।

# चुनार में 16 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार:पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोचा, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**bhaskar.com**/local/uttar-pradesh/mirzapur/chunar/news/chunar-police-arrests-ashish-pathak-heroin-mirzapur-ndps-act-138546740.html

दैनिक भास्कर July 26, 2026

मिर्जापुर में चुनार पुलिस ने 16 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आशीष पाठक के रूप में हुई है, जिसे एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजत कौशिक ने जिले में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के अनुपालन में, चुनार पुलिस टीम को यह सफलता मिली।

26 जुलाई 2026 को क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में उप निरीक्षक कुमार संतोष और उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। उन्होंने चुनार थाना क्षेत्र के ब्रह्मचारी बाबा मंदिर के पास से आशीष पाठक पुत्र जगदीश पाठक को गिरफ्तार किया। आशीष पाठक ग्राम ईश्वरपट्टी, थाना चुनार, जनपद मीरजापुर का निवासी है।

गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 16 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की गई। इस संबंध में, चुनार थाने में मु0अ0सं0-314/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। नियमानुसार आगे की विधिक कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# 7 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार:बिक्री के ₹5200 की नकदी भी बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज

**bhaskar.com**/local/rajasthan/sriganganagar/suratgarh/news/suratgarh-police-arrest-youth-heroin-ndps-act-case-138547668.html

दैनिक भास्कर July 26, 2026

सूरतगढ़ सिटी थाना पुलिस ने 7 ग्राम हेराइन के साथ युवक को गिरफ्तार किया।

सूरतगढ़ सिटी थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 7 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) और बिक्री के 5200 रुपए नकद बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 10 किलो हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, सीमा पार से आई थी खेप; पुलिस की बड़ी कार्रवाई

अ **amarujala.com**/punjab/amritsar/heroin-worth-70-crore-seized-in-amritsar-2026-07-26

शाहिल शर्मा

July 26, 2026

## 10 किलो हेरोइन को ड्रोन से फेंका गया था जिसे उठाने के लिए आए दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हेरोइन की कीमत 70 करोड़ बताई जा रही है।

जिला देहात पुलिस ने भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे लोपोके क्षेत्र में 10 किलो हेरोइन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि हेरोइन की यह खेप शनिवार देर रात पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए भारतीय सीमा में गिराई गई थी। आरोपी उसी खेप को उठाने के लिए सीमा क्षेत्र में पहुंचे थे। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 70 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रेम नगर निवासी महावीर सिंह और आकाशदीप सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को दोनों की गतिविधियों की पहले ही गुप्त सूचना मिल गई थी। इसके बाद लोपोके क्षेत्र में विशेष नाकाबंदी कर निगरानी बढ़ा दी गई। संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर पुलिस टीम ने दोनों को घेरकर हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 10 किलो हेरोइन बरामद हुई।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी सीमा के पास गिराई गई खेप को उठाकर आगे तस्करी नेटवर्क तक पहुंचाने वाले थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि दोनों किसके संपर्क में थे, उन्हें खेप उठाने के निर्देश किसने दिए और इसे आगे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। आरोपियों के मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि खेप ड्रोन के जरिए भारतीय सीमा में गिराई गई थी।

हालांकि पुलिस अभी उस सटीक स्थान का पता लगाने में जुटी है, जहां ड्रोन ने पैकेट गिराया। यह भी आशंका जताई जा रही है कि उसी इलाके में अन्य मादक पदार्थ या प्रतिबंधित सामान भी छिपाकर रखा गया हो सकता है। इसी को देखते हुए सीमा क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस सीमा सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर आसपास के खेतों और संवेदनशील इलाकों की भी जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पूरे तस्करी नेटवर्क की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। जांच का फोकस सीमा पार बैठे हैंडलरों, स्थानीय रिसीवर और सप्लाई चेन पर है।

# कुचामन में अफीम के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार:बदमाशों से कार भी जब्त, मण्डावरा पुलिस चौकी के सामने नाकाबंदी में दबोचा

**bhaskar.com**/local/rajasthan/didwana/news/kuchaman-city-police-arrest-drug-smugglers-opium-seize-car-138552373.html

दैनिक भास्कर

July 27, 2026

डीडवाना-कुचामन जिले में कुचामन सिटी थाना पुलिस ने 1 किलो 507 ग्राम अफीम के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और तस्करी में प्रयुक्त कार भी जब्त की है। थानाधिकारी राजेन्द्र खदाव के नेतृत्व में गठित टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

# शाहजहांपुर में अफीम तस्कर गिरफ्तार: झारखंड से लाया था, 6 लाख की अफीम बरामद

bhaskar.com/local/uttar-pradesh/shahjahanpur/babupurbuzurg/news/shahjahanpur-police-arrest-smuggler-jharkhand-opium-seized-138546780.html

दैनिक भास्कर

July 26, 2026

शाहजहांपुर पुलिस ने एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लगभग 6 लाख रुपये की 1 किलो 927 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई है। आरोपी झारखंड का रहने वाला है।

पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कटरा प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। शनिवार रात करीब 10:43 बजे एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना कटरा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम हुलासनगला पुल के पास सर्विस रोड से आरोपी मुस्ताक अंसारी को पकड़ा।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कबीर अंसारी के पुत्र मुस्ताक अंसारी के रूप में हुई है, जो झारखंड के लातेहार जिले के तरबाडी गांव का निवासी है। उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1 किलो 927 ग्राम अवैध अफीम मिली।

पूछताछ में मुस्ताक अंसारी ने बताया कि वह यह अफीम झारखंड के चंदवा निवासी अनूप से लाया था और इसे बरेली के रंजीत को देने जा रहा था। उसने यह भी स्वीकार किया कि वह अवैध अफीम की खरीद-फरोख्त कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। पुलिस अब इस मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी जुटा रही है।

अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की गई और उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक मोहन देव शर्मा, एसओजी-सर्विलांस सेल प्रभारी मय टीम, उपनिरीक्षक सागर मानव, कांस्टेबल आशीष कुमार और योगेन्द्र सिंह शामिल थे।

# नाथद्वारा में पुलिस ने पकड़ी साढ़े 4 किलो अफीम:जैसलमेर से ला रहा था तस्कर, ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कार्रवाई

**bhaskar.com**/local/rajasthan/rajsamand/news/nathdwara-police-operation-trinetra-opium-seized-jaisalmer-smuggler-138545752.html

दैनिक भास्कर July 26, 2026

नाथद्वारा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत 4.500 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है।

# 400 किलोग्राम अफीम डोडे बरामद,आरोपी गिरफ्तार

अ amarujala.com/himachal-pradesh/solan/400-kg-of-poppy-husk-seized-accused-arrested-solan-news-c-176-1-ssml1044-174980-2026-07-27

शिमला ब्यूरो July 26, 2026

नालागढ़ पुलिस ने एक छोटा हाथी से पकड़ा अफीम के डोडे- स्रोत –पुलिस।

संवाद न्यूज एजेंसी

बद्दी (सोलन)। पुलिस की ओर से अवैध नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लगातार तीसरे दिन एक और बड़ी कार्रवाई की गई है। इससे पूर्व 24 जुलाई को स्पेशल सेल की ओर से 58.212 किलोग्राम चूरापोस्त तथा 25 जुलाई को 4.048 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए रविवार को पुलिस थाना नालागढ़ की टीम ने कार्रवाई करते हुए वार्ड नंबर-9, नालागढ़, सरकारी स्कूल के समीप एक महिंद्रा फोर व्हीलर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से 20 प्लास्टिक बोरों में भरा कुल 288 किलोग्राम अफीम डोडे बरामद किए गए। बरामद मादक पदार्थ को नियमानुसार कब्जे में लेकर आरोपी नालागढ़ के चमदार के मनलोग खूर्द निवासी राकेश कुमार के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगामी अन्वेषण जारी है। एसपी विनोद धीमान ने बताया कि बद्दी पुलिस की ओर से अवैध नशा कारोबार के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

# नाथद्वारा पुलिस ने 22.5 लाख की अफीम पकड़ी, जैसलमेर का तस्कर गिरफ्तार

bhilwarahalchal.com/badi-khabre/-225--703060

राजकुमार माली

July 26, 2026

राजसमंद जिले की नाथद्वारा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 4.500 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है। जब्त अफीम की अनुमानित बाजार कीमत करीब 22.5 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में जैसलमेर निवासी एक तस्कर को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन तथा थाना प्रभारी कमलेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने देर रात यह कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गुंजोल बस स्टैंड पर काले रंग का बैग लिए एक संदिग्ध युवक बस का इंतजार कर रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही संदिग्ध युवक भागने लगा, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान हरीश गोदारा (32) निवासी डूंगरे की ढाणी, थाना भणियाणा, जिला जैसलमेर के रूप में हुई।

पुलिस ने आरोपी के बैग की तलाशी ली तो कपड़ों की थैली में छिपाकर रखे तीन प्लास्टिक पैकेटों से कुल 4.500 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि अफीम कहां से लाई गई थी और इसे किसे सप्लाई किया जाना था। साथ ही पूरे तस्करी नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।

# अनूपपुर में 10 किलो गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार:ओडिशा से लाया गया था खेप; कोतमा में खपाने की तैयारी

bhaskar.com/local/mp/anuppur/news/anuppur-kotma-ganja-seizure-odisha-smuggling-arrest-138551586.html

दैनिक भास्कर July 27, 2026

अनूपपुर जिले के कोतमा थाना क्षेत्र में पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 10 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। इस मामले में दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। गांजा ओडिशा से लाया जा रहा था और इसे कोतमा के गांवों में खपाने की तैयारी थी।

# ऑपरेशन दहन के तहत 1.44 क्विंटल गांजा नष्ट:प्रयागराज में 72.31 लाख की खेप न्यायालय के आदेश पर जलवाई

bhaskar.com/local/uttar-pradesh/prayagraj/bara/news/prayagraj-kaundhiyara-police-operation-dahan-ganja-destroy-138546734.html

दैनिक भास्कर

July 26, 2026

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में रविवार को **ऑपरेशन दहन** के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए **1 क्विंटल 44 किलोग्राम गांजा** नष्ट कराया। पुलिस के अनुसार नष्ट किए गए गांजे की अनुमानित कीमत **72 लाख 31 हजार 500 रुपये** है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न मामलों में बरामद गांजे को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। न्यायालय से आदेश मिलने के बाद कौंधियारा थाना परिसर में अधिकारियों और नारकोटिक्स टीम की मौजूदगी में जब्त गांजे का विनष्टीकरण कराया गया।

कार्रवाई के दौरान एडीसीपी जोगेंद्र सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा अब्दुस सलाम खान, थाना प्रभारी कुलदीप शर्मा और नारकोटिक्स टीम प्रभारी सुरेंद्र गिरी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस का कहना है कि नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी है। अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय के निर्देशों और निर्धारित नियमों का पालन करते हुए जब्त नशीले पदार्थ को पूरी तरह नष्ट किया गया।

पुलिस के मुताबिक **ऑपरेशन दहन** के तहत की गई यह कार्रवाई नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चल रहे अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी है। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और तस्करी पर रोक लगाने के लिए आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

# कपड़ों और फर्श के तहखानों में छिपा रखा था गांजा, 300 जवानों ने पुराने भोपाल में आधी रात मारे छापे

अ amarujala.com/madhya-pradesh/bhopal-news-ganja-was-hidden-in-basements-of-clothes-and-floors-300-soldiers-raided-old-bhopal-at-midnight-2026-07-26

दिनेश शर्मा July 26, 2026

न्यूज डेस्क, अमर उजाला, भोपाल Published by: दिनेश शर्मा Updated Sun, 26 Jul 2026 04:26 PM IST

सार

## भोपाल पुलिस ने 'मिशन ड्रग फ्री भोपाल' के तहत इतवारा क्षेत्र में 300 से अधिक जवानों के साथ बड़े पैमाने पर छापेमारी की। 60-70 मकानों की तलाशी में फर्श के नीचे बने गुप्त तहखानों और अन्य ठिकानों से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पुलिस पूरे ड्रग सिंडिकेट की सप्लाई चेन खंगाल रही है।

राजधानी में नशे के काले कारोबार की कमर तोड़ने के लिए भोपाल पुलिस ने अब तक का सबसे बड़ा और सख्त कदम उठाया है। शहर को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के तहत चलाए जा रहे 'मिशन ड्रग फ्री भोपाल' और 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत शनिवार देर रात पुराने भोपाल के अति-संवेदनशील इलाके इतवारा में पुलिस ने एक साथ कई ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की है। डीसीपी आयुष गुप्ता के नेतृत्व में की गई इस अचानक कार्रवाई में 300 से अधिक पुलिस जवान और बड़ी संख्या में महिला बल शामिल रहा। रात के अंधेरे में घनी आबादी और संकरी गलियों वाले इतवारा क्षेत्र में जब पुलिस की कई टीमों ने एक साथ दस्तक दी, तो तस्करों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया।

**60-70 मकान खंगाले, फर्श के नीचे गुप्त तहखानों में मिला माल**
पुलिस की स्पेशल टीमों ने इलाके के लगभग 60 से 70 संदिग्ध मकानों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान तस्करों की शातिराना तरकीबें देखकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। तस्करों ने गांजे की खेप को छिपाने के लिए कमरों के फर्श के नीचे गुप्त तहखाने बना रखे थे, वहीं कई जगह कपड़ों की तहों के बीच गांजे को छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने इन सभी गुप्त ठिकानों से भारी मात्रा में अवैध गांजा जब्त किया है।

**आसपास के जिलों में भी फैला था सप्लाई नेटवर्क**
प्राथमिक जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि इतवारा क्षेत्र भोपाल में मादक पदार्थों की सप्लाई का एक मुख्य हब बना हुआ था। यहां से थोक स्तर पर शहर के अलग-अलग कोनों के साथ-साथ पड़ोसी जिलों तक गांजे की तस्करी की जा रही थी। पुलिस अब इस पूरे सिंडिकेट, मुख्य सप्लायरों और बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंकेज की कड़ियां जोड़ने में जुटी है, जिससे नशे के इस पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जा सके।

**विरोध से निपटने महिला बल रहा मुस्तैद**
इतवारा जैसे घने इलाके में अक्सर तलाशी के दौरान स्थानीय स्तर पर, विशेषकर महिलाओं द्वारा विरोध की स्थिति बनती रही है। कानून-व्यवस्था न बिगड़े और अभियान शांतिपूर्वक पूरा हो, इसके लिए इस बार पुलिस ने रणनीति बनाकर पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया था।

**सप्लाई चेन ध्वस्त होने तक जारी रहेगा प्रहार- एसीपी** कोतवाली एसीपी संतोष कुमार पटेल ने बताया कि इतवारा क्षेत्र में लंबे समय से अवैध मादक पदार्थों के भंडारण और बिक्री की गुप्त सूचनाएं मिल रही थीं। इसी इनपुट के आधार पर इस बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि तलाशी और जब्ती की प्रक्रिया अभी जारी है, जिसके पूरा होने के बाद ही जब्त गांजे की कुल मात्रा और गिरफ्तार आरोपियों का आधिकारिक आंकड़ा साझा किया जाएगा। भोपाल

पुलिस कमिश्नरेट ने साफ कर दिया है कि इतवारा के साथ-साथ छोला, तलैया और आरिफ नगर जैसे अन्य संवेदनशील इलाकों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। नशे के कारोबार को जड़ से उखाड़ने और इसकी पूरी सप्लाई चेन को ध्वस्त करने के लिए पुलिस का यह सख्त प्रहार आगे भी इसी आक्रामकता के साथ जारी रहेगा।

# लखनऊ में नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता, विद्यार्थियों ने निकाली रैली; दिया नशामुक्ति का संदेश

**jagran.com**/uttar-pradesh/lucknow-city-lucknow-students-lead-drug-awareness-rally-for-de-addiction-40320317.html

Vivek Rao July 27, 2026

Updated: Mon, 27 Jul 2026 07:36 AM (IST)

## HighLights

1. जन भवन के छात्रों ने नशामुक्ति प्रभात फेरी निकाली।
2. नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया।
3. राज्यपाल के निर्देश पर रैली का आयोजन हुआ।

**जागरण संवाददाता, लखनऊ।** नशामुक्ति अभियान के तहत जन भवन स्थिति आदर्श माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर निकली रैली में विद्यार्थियों ने नई बस्ती उदयगंज, पुराना किला, रायपुर नहर,सहित कई क्षेत्रों का भ्रमण किया।

योजना भवन, बर्फ खाना, बली खेत, मुराद अली लेन, क्ले रक्कायर, माल एवेन्यू रामलीला मैदान, राजभवन कालोनी, गुलमोहर कालोनी, पीडब्ल्यूडी कालोनी और एमजी मार्ग क्षेत्रों में भी रैली निकाली। इस दौरान नशा नहीं, शिक्षा अपनाओ, हम सबने यह ठाना है, तंबाकू को जड़ से मिटाना है और सिगरेट, बीड़ी और शराब, करते जीवन को खराब जैसे नारे लगाए गए।

विद्यार्थियों ने लोगों को नशामुक्ति संबंधी पंपलेट भी वितरित किए। प्रभात फेरी में विद्यालय के शिक्षक, जनभवन के सुरक्षाकर्मी और अन्य कार्मिक भी शामिल रहे।

# 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' बाइक रैली में संदेश:मध्य प्रदेश पुलिस का जन-जागरूकता अभियान, शहर में गूंजा 'से नो टू ड्रग्स, यस टू लाइफ'

bhaskar.com/local/mp/indore/news/indore-police-anti-drug-rally-nashe-se-duri-hai-zaroori-awareness-138548539.html

दैनिक भास्कर

July 26, 2026

मध्य प्रदेश पुलिस के राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" के तहत रविवार को इंदौर में नारकोटिक्स विंग द्वारा विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। 150 से अधिक बाइक राइडर्स की सहभागिता वाली इस रैली ने पूरे शहर में नशामुक्ति का संदेश

# EAST

# नशा तस्करों पर पुलिस की बड़ी कारवाई, 1122.3 लीटर कोडीन कफ सिरप बरामद

**bhaskar.com**/local/bihar/khagaria/news/police-crackdown-on-drug-traffickers-seizes-11223-liters-of-codeine-cough-syrup-dbp-138549666.html

दैनिक भास्कर July 27, 2026

जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खगड़िया पुलिस को 24 घंटे के भीतर दो बड़ी सफलताएं मिली हैं। पसराहा और बेलदौर थाना क्षेत्र में की गई कार्रवाई में कुल 1122.3 लीटर प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद किया।

# 320 किलो गांजा जब्त, कीमत 1.5 करोड़ रुपए: बिहार से पलामू पहुंचा था खेप, ट्रक चालक गिरफ्तार, लकड़ी के चैंबर में छिपाया था गांजा

**bhaskar.com**/local/jharkhand/palamu/news/palamu-ganja-seizure-truck-driver-arrested-bihar-jharkhand-police-138546839.html

दैनिक भास्कर

July 26, 2026

पलामू के जपला-छतरपुर रोड पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने 320 किलोग्राम गांजा से लदे एक ट्रक को जब्त किया। बरामद गांजा की खुदरा बाजार में कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह कार्रवाई एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला के नेतृत्व में गठित वि

# सुप्पी : अख्ता बाजार से 10 पुड़िया गांजा के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**bhaskar.com**/local/bihar/sitamarhi/suppi/news/supi-smuggler-arrested-with-10-packets-of-ganja-from-akhta-market-sent-to-jail-dbp-138550807.html

दैनिक भास्कर July 27, 2026

सुप्पी | थाना क्षेत्र के अख्ता बाजार गुमटी से 10 पुड़िया गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान राकेश भागवत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी के दौरान राकेश भागवत को अख्ता बाजार की एक

आसूचना प्रवर्तन समन्वय

INTELLIGENCE ENFORCEMENT COORDINATION


**Narcotics Control Bureau, Govt. of India**

**नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, भारत सरकार**

Do you have a tip for NCB? Call on toll free number 1933 (24x7 : National Narcotics Helpline)

**Join Us**

narcoticsindia.nic.in | narcoticsbureau | ncbmanas | narcoticscontrolbureauindia | india.ncb

Narcotics control Bureau | narcotics-control-bureau | narcotics-control-bureau-india